हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 जुलाई 2024

13 अग्रवाल समाज ने केजरीवाल को प्रताड़ित करने पर जताया रोष

14 पांच गांवों की पंचायतों को मिला ड्रगमुक्त सम्मान

खबर संक्षेप

मघेड़ा की राइस मिल से हजारों का सामान चोरी

फतेहाबाद। टोहाना के गांव मघेड़ा स्थित एक राइस मिल में घुसकर अज्ञात चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में भूना निवासी मन्नु ने कहा है कि उसकी टोहाना के गांव मघेडा में राइस मिल है। उसने यह राइस मिल ठेके पर ली हुई है। गत दिवस जब वह राइस मिल में गया तो उसने देखा कि वहां से 3 मोटरें, 40 फुट केबल और कैमरे का डीवीआर गायब था। इस पर पहले उसने अपने स्तर पर आसपास तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

ट्यूबवेल से केबल चुराने का आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। भूना के समीप खेत से केबल चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक ने अपना नाम नछतर सिंह उर्फ सत्तु पुत्र अवतार सिंह निवासी वार्ड नं. भूना के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से वारदात में प्रयोग किए गए मोटरसाइकिल को बरामद किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर हिसार जेल भेज दिया गया है। इस बारे भूना पुलिस 23 अप्रैल को वार्ड नं. 6 भूना निवासी श्याम लाल की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार भूना के पास उसका खेत है। अज्ञात चोर उसके खेत से 7 फुट ट्यूब्वैल केबल व अन्य सामान चोरी कर ले गया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

दो मोटरसाइकिलों में टक्कर, तीन घायल

फतेहाबाद। रतिया के टोहाना रोड पर दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए रतिया के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गांव तामसपुरा निवासी गुरबक्शीश सिंह ने कहा है कि गत सुबह वह अपने दो दोस्तों धर्मपाल व शेर सिंह के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर रतिया से अपने गांव तामसपुरा जा रहा था। जैसे ही वह टोहाना रोड पर जनक पैट्रोल पम्प के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे एक अन्य मोटरसाइकिल के चालक ने उनके मोटरसाइकिल में पीछे से टक्कर दे मारी। बाइक सवार तीनों युवक सडक़ पर गिरकर घायल हो गए जबकि दूसरे मोटरसाइकिल पर सवार युवक मौके से फरार हो गया।

भूना मंडी से गेहूं चुराने वाला युवक दबोचा

फतेहाबाद। अनाज मण्डी भूना से गेहूं चोरी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शिकायत के कुछ ही घंटों में आरोपी युवक को धर दबोचने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान धर्मपाल उर्फ पपल पुत्र अर्जुन निवासी वार्ड नं. 1 भूना के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से चोरीशुदा गेहूं बरामद कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। इस बारे भूना पुलिस ने 17 जुलाई को अनाज मण्डी भूना के आढ़ती धर्मबीर की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

एनडीपीएस मामले में वांछित आरोपी काबू

फतेहाबाद। थाना सदर फतेहाबाद के अन्तर्गत आने वाली पुलिस चौकी दरियापुर ने एनडीपीएस में चल रहे वांछित आरोपी को काबू करने मे सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान अजय उर्फ माद्दू पुत्र नरेश कुमार निवासी स्वामी नगर हाल हरनाम सिंह कॉलोनी फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस बारे जानकारी देते हुए चौकी दरियापुर प्रभारी शिशपाल सिंह ने बताया कि 11 जून 2024 को आरोपी हरप्रीत उर्फ हैप्पी व राजकुमार को नारकोटिक्स सैल फतेहाबाद ने 15 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था।

कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र

फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल की बदहाली पर लिया संज्ञान

अस्पताल में अल्ट्रासाऊंड,डॉक्टर और पर्याप्त संसाधन नहीं, मंच ने गिनाई थी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सिरसा से सांसद बनने के बाद कुमारी सैलजा ने सर्वप्रथम फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं की कमी व दुर्दशा पर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। कुमारी सैलजा ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता को पत्र लिखकर अस्पताल में उपकरणों की कमियों के अलावा डॉक्टरों व स्टाफ की कमी बारे अवगत करवाया है। सैलजा ने सरकार से अस्पताल की सुध लेने और यहां कमियों में सुधार लाने के लिए लिखा है।

■ मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की बात कही



Kumari Selja
MEMBER OF PARLIAMENT
LOK SABHA
FORMER UNION MINISTER

18 जुलाई 2024

प्रिय डॉ. कमल गुप्ता जी,

मैं आपका ध्यान जिला फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल की ओर आकर्षित करना चाहती हूं। संलग्न प्रार्थना पत्र के अनुसार प्रार्थी ने नागरिक अस्पताल में एक्सरे मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन, डॉक्टर एवं कर्मचारियों की कमी के निराकरण और मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु प्रार्थना की है।

अतः मुझे आशा है कि आप संलग्न प्रार्थना पत्र पर विचार कर जिला अस्पताल में उपकरणों की कमी और स्थानीय जनता की स्वास्थ्य संबंधित समस्या के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाएंगे।

सादर

भवदीया
(कुमारी सैलजा)

डॉ. कमल गुप्ता
स्वास्थ्य मंत्री, हरियाणा सरकार
#74, सेक्टर 7,
चंडीगढ़।

फतेहाबाद। नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सांसद द्वारा लिखा गया पत्र।

सिरसा लोकसभा से जीत के बाद कुमारी सैलजा जब फतेहाबाद में धन्यवादी दौरे पर आई थी तो उस समय नागरिक अधिकार मंच के सहसंयोजक दुष्यंत शर्मा ने सांसद के समक्ष नागरिक अस्पताल की दुर्दशा का मुद्दा उठाते हुए उन्हें न केवल इन समस्याओं से अवगत करवाया था बल्कि सांसद को एक पत्र सौंपकर इन समस्याओं के समाधान की मांग की थी। सांसद को सौंपे पत्र में दुष्यंत शर्मा ने कहा कि फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में पिछले 3 सालों से कोई सर्जन तक नहीं है। इसके अलावा न यहां पर हड्डी रोग विशेषज्ञ की सेवाएं हैं और न ही अल्ट्रासाऊंड और एक्स-रे की कोई व्यवस्था है। नागरिक अस्पताल में स्टाफ की भारी कमी है जिस कारण यहां उपचार करवाने आने वाले गरीब लोग इलाज के वंचित रह जाते हैं। उन्होंने सांसद से अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने, अल्ट्रासाऊंड व एक्स-रे सहित सभी स्वास्थ्य सुविधाएं लोगों को उपलब्ध करवाने की मांग की थी। इस मामले में संज्ञान लेते हुए सांसद कुमारी सैलजा ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता को पत्र लिखकर फतेहाबाद के नागरिक अस्पताल में एक्स-रे मशीन, अल्ट्रासाऊंड मशीन, डॉक्टरों व कर्मचारियों की कमी के निराकरण व मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की बात कही है।

नागरिक अधिकार मंच का भी पत्र भेजा

स्वास्थ्य मंत्री को लिखे पत्र में सांसद कुमारी सैलजा ने नागरिक अधिकार मंच फतेहाबाद के सह संयोजक दुष्यन्त शर्मा के पत्र को संलग्न करते हुए अस्पताल में सर्जन की भर्ती, डॉक्टरों की कमी को पूरा करने, अल्ट्रासाउंड और एक्सरे जैसी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने की बात रखी है। नागरिक अधिकार मंच ने भी सांसद के इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि को पार्टीबाजी से ऊपर उठकर जनता की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने का प्रयास करना चाहिए। नागरिक अस्पताल में अधिकतर जरूरतमंद लोग ही उपचार के लिए आते हैं। ऐसे में उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, यह एक जनप्रतिनिधि का पहला कर्तव्य है।

फतेहाबाद। डिप्टी एसएमओ को ज्ञापन सौंपते नर्सिंग ऑफिसर्स। फोटो : हरिभूमि

नर्सिंग ऑफिसर्स ने डिप्टी एसएमओ को सौंपा ज्ञापन

■ 23 व 24 जुलाई को काले बिल्ले लगाकर करेंगे ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

स्वास्थ्य विभाग में नर्सिंग कैडर में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर्स ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आज हुडा सेक्टर में डिप्टी एसएमओ डॉ. संगीता अबरोल के माध्यम से सरकार व उच्चाधिकारियों को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन के माध्यम से नर्सिंग कर्मियों ने बताया कि नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा द्वारा नर्सिंग कैडर से संबंधित मांगों जिनमें केन्द्र के समान नर्सिंग अलाउंस 7200 रुपये, केंद्र के समान नर्सिंग ऑफिसर को ग्रुप सी से ग्रुप बी में शामिल करने तथा विभाग में डिप्टी डायरेक्टर व असिस्टेंट डायरेक्टर नर्सिंग के पद को भरने बारे अनेक बार सरकार को अवगत करवाया जा चुका है, परंतु सरकार व विभाग द्वारा उनकी मांगों के संबंध में कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा उनकी मांगों को गंभीरता से न लेने के फलस्वरुप इससे आहत होकर नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा द्वारा आज ज्ञापन भेजा गया। यदि इसके बावजूद भी सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तो प्रदेशभर का नर्सिंग कैडर रोष स्वरूप 23 व 24 जुलाई को काले बिल्ले लगाकर ड्यूटी करेगा तथा 25 जुलाई को प्रदेशभर की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में सुबह 9 से 11 बजे तक दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल रखकर रोष व्यक्त किया जाएगा।

सीएम के दौरे को लेकर विधायक, डीसी और एसपी ने किया अनाजमंडी का दौरा

■ रैली स्थल पर प्रबंधों का लिया जायजा, दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला में 25 जुलाई को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर विधायक दुड़ाराम, उपायुक्त राहुल नरवाल व पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लाल बत्ती चौक के नजदीक पुरानी अनाज मंडी में रैली स्थल का दौरा किया और प्रबंधों का जायजा लिया। इस दौरान विधायक ने अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों बारे विचार विमर्श किया और इसकी तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

विधायक दुड़ाराम व डीसी राहुल नरवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर अपने-अपने विभागों से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने अधिकारियों को उचित व्यवस्था करने के आदेश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को भी निर्देश दिए कि वे सुरक्षा और पार्किंग से संबंधित कार्यों की उचित व्यवस्था रखे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व मार्किटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सडक़ों रखरखाव व मुरम्मत कार्यों को दुरूस्त करना सुनिश्चित करें। शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने बारे उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रैली के प्रति जनता में बड़ा उत्साह है। इस दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह फतेहाबाद वासियों को बहुत बड़ी सौगात भी देंगे। इस अवसर पर जिला नगरायुक्त संजय बिश्रोई, जिला परिषद के सीईओ सुरेश कुमार, अधीक्षण अभियंता ओपी बिश्रोई, एक्सईएन सतीश देसवाल, केसी कंबोज, अमित कौशिक, डीएसपी जगदीश काजला, संजय कुमार, जयपाल सिंह, डीईओ संगीता बिश्रोई, आदि मौजूद रहे।

फतेहाबाद। सभा स्थल का दौरा करते विधायक, डीसी और एसपी।

राजस्थान से फतेहाबाद डोडा पोस्त बेचने आई महिला सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

■ तीनों तस्करों से भारी मात्रा में डोडा पोस्त बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए जिला फतेहाबाद पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से कचरा डोडा पोस्त बरामद किया है। पहले मामले में सीआईए टोहाना पुलिस की टीम एएसआई सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त के दौरान मातावाली जोहड़ी टोहाना से बलियाला हैड की तरफ जा रही थी।

पुलिस टीम जब बलियाला हैड के पास पहुंची तो हैड की तरफ से एक युवक मोटरसाइकिल पर प्लास्टिक कट्टा लिए आता दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल को वापस मोडऩे की कोशिश करने लगा पुलिस कर्मचारियों ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पाला राम उर्फ राजपाल निवासी रविदास मोहल्ला टोहाना बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास प्लास्टिक कट्टे में से 6 किलो 150 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ। दूसरे मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस की टीम ने एसआई बलवान सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान गांव ढाण्ड के पास से सुनील पुत्र जगदीश निवासी ढिंगसरा को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उसके पास से 930 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद हुआ है। तीसरे मामले में एवीटी स्टाफ फतेहाबाद की टीम ने एएसआई भूपिन्द्र सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान एक महिला को कचरा डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि राजस्थान के सीकरी निवासी महिला भजनो सीकरी से कचरा डोडा पोस्त लाकर फतेहाबाद में बेचने का काम करती है। आज भी वह डोडा पोस्त बेचने फतेहाबाद आने वाली है और वह धांगड़ के पास उतरकर फतेहाबाद आएगी। इस सूचना पर पुलिस टीम गांव धांगड़ के पास सर्विस रोड पर पहुंच गई। वहां एक महिला वाहन की इंतजार में खड़ी थी। पुलिस को देखकर वह छिपने की कोशिश करने लगी। पुलिस ने महिला भजनो की तलाशी ली तो उसके पास 20 किलो कचरा डोडा पोस्त व 1300 रुपये बरामद हुए। इस पर पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया।

फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार महिला। फोटो : हरिभूमि

फतेहाबाद जिले से तीन मोटरसाइकिल चोरी

फतेहाबाद। जिले में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार जारी है। गत दिवस भी चोरों ने जिले से तीन मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। पहले मामले में पुलिस को दी शिकायत में पातड़ा के गांव बकराहां निवासी जुगराज सिंह ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से टोहाना आया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को पारूल गोयल अस्पताल के बाहर खड़ा किया और अस्पताल में चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब मोटरसाइकिल बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

इस बारे टोहाना पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। दूसरे मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने गांव रामसरा निवासी मुकेश की शिकायत पर नागरिक अस्पताल फतेहाबाद से व इन्द्रपुरा मोहल्ला फतेहाबाद निवासी विजय कुमार की शिकायत पर हांसपुर चौक पुल से उसका मोटरसाइकिल चोरी होने बारे केस दर्ज किया है।

भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली से मिला ब्राह्मण सभा का प्रतिनिधिमंडल, किया सम्मानित

फतेहाबाद। भाजपा हाईकमान द्वारा मोहन लाल बड़ौली को प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपे जाने पर ब्राह्मण समाज ने खुशी जाहिर की है। ब्राह्मण सभा फतेहाबाद का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधान रामनिवास शर्मा के नेतृत्व में नए प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली से मिलने चण्डीगढ़ रवाना हुआ। प्रतिनिधिमंडल में चण्डीगढ़ में मुख्यमंत्री निवास पर मोहन लाल बड़ौली से मिलकर उन्हें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा फतेहाबाद के प्रधान रामनिवास शर्मा, महासचिव बजरंग शर्मा, कोषाध्यक्ष विकास सारस्वत, राजेन्द्र शर्मा, बलवान शर्मा, डॉ. दलीप शर्मा सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे। ब्राह्मण सभा प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को बधाई देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति से ब्राह्मण समाज में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ब्राह्मण समाज के नेता को प्रदेशाध्यक्ष जैसी जिम्मेवारी सौंपकर पूरे समाज का सम्मानित करने का काम किया है।

फतेहाबाद। भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली को बधाई देते हुए ब्राह्मण सभा का प्रतिनिधिमंडल।

भाजपा कार्यकर्ताओं की लगाई ड्यूटियां

फतेहाबाद। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 25 जुलाई को फतेहाबाद आगमन व जनसभा को सफल बनाने के लिए आज बीजेपी जिला कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से विधायक दूड़ाराम व भाजपा के जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा ने शिरकत की। जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 25 जुलाई को प्रातः 10 बजे फतेहाबाद के पुराना बस स्टैण्ड के सामने स्थित अनाजमंडी शैड के नीचे आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली फतेहाबाद विधानसभा की जनता व कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे तथा आगामी विधानसभा चुनावों के लिए उनका मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने अपनी टीम से आह्वान किया कि पूरी निष्ठा, मेहनत व लगन के साथ अपनी अपनी ड्युटियां निभाते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। इस अवसर प्रवीण जोड़ा, अशोक जाखड़, महेश शर्मा, विजय गोयल जगदीश शर्मा, मनजीत गोस्वामी, शम्मी ढींगड़ा, सविता टुटेजा, जगदीप मोंगा, निलांशी शर्मा, सुभाष चंदौरा, रामकुमार मेहरा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नैन फाउंडेशन की टीम आज फिर शहर में पकड़ेगी बंदर

पकड़े गए 52 बंदर कलेसर जंगलों में छोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आखिरकार बंदर पकडऩे वाली एजेंसी मैसर्ज नैन फाउंडेशन जींद ने फतेहाबाद में बंदरों को पकडऩे का काम शुरू कर दिया है। शुक्रवार को एजेंसी के कर्मचारी शहर से पकड़े गए 52 बंदरों का मेडिकल करवाकर उन्हें यमुनानगर, कलेसर के जंगलों में ले जाकर छोड़ दिया है। शनिवार से फिर एजेंसी के सभी 6 कर्मचारी शहर की तीन कालोनियों में बंदर पकडऩे का काम शुरू करेंगे।

बता दें कि नगरपरिषद ने मैसर्ज नैन फाउंडेशन, राजेन्द्र नगर, हाऊसिंग बोर्ड, जींद को शहर में बंदर पकडऩे का टेंडर दिया गया है। नगरपरिषद एजेंसी को एक बंदर को पकडऩे के लिए 2200 रुपये देगी। दरअसल एजेंसी की तरफ से 2400 रुपये प्रति बंदर का रेट भरा गया था, लेकिन नप अधिकारियों द्वारा पत्र लिखने के बाद एजेंसी ने रुपये कम कर दिए है। टेंडर के मुताबिक एजेंसी एक सप्ताह के अंदर शहर में घूम रहे बंदरों को पकडक़र उन्हें कलेसर के जंगलों में छोड़ेगी। वीरवार को एजेंसी ने शहर में बंदरों को पकडऩे का काम शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि पिछले काफी समय से शहरवासी बंदरों के आतंक से परेशान है। अगर घर पर बच्चे व महिलाएं है तो वो इस पर अटैक कर रहे है। लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद जैसे ही आचार सहिंता हटी, नगरपरिषद ने सबसे पहले बंदरों के पकडऩे का टेंडर लगाया था। नप ने एक साल का यह टेंडर लगा दिया है। शहर के जगजीवनपुरा, भीमा बस्ती, चिल्ली के आसपास का एरिया, बीघड़ रोड के लोग सबसे ज्यादा बंदरों के हमले से परेशान हैं।बंदरों के हमले में कई लोग चोटिल भी हो चुके है। 11 मई को भीमा बस्ती निवासी संजय कुमार की पत्नी किरण घर की छत पर कपड़े सुखा रही थी। इसी दौरान बंदरों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। बंदरों के हमले से बचने के लिए जैसे ही किरण नीचे की तरफ भागी तो उसका पांव सीढ़ी से फिसल गया और छत से नीचे जा गिरी। और उसका पांव टूट गया था। इसके अलावा 18 फरवरी को शिव चौक निवासी आशु पर भी बंदरों ने हमला कर दिया, जिससे वह नीचे गिर गई और टांग टूट गई।

फतेहाबाद। शहर से पकड़े गए बंदर। फोटो : हरिभूमि

पार्षदों ने उठाई थी आवाज

पिछली बार नप ने एक बंदर पकडऩे के लिए 2150 रुपये दिए। नपअधिकारियों का दावा था कि शहर को बंदरों से मुक्त करवा दिया जाएगा। पहले चरण में 280 बंदर पकड़े गए। दूसरे चरण में 35 और तीसरे चरण में 55 बंदर पकड़े गए। अब नई एजेंसी ने 52 बंदर पकड़े है और शनिवार को बंदरों को पकडऩे का काम फिर से शुरू होगा। बता दें कि बंदरों को पकडऩे के लिए शहर के पार्षद नगरपरिषद में अनेक बार धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। पार्षद एवं नागरिक अधिकार मंच के पूर्व संयोजक मोहन लाल नारंग ने तो इस मामले में नगरपरिषद हाऊस की बैठक में आवाज उठाई थी।

6 सदस्यीय टीम

बंदरों को पकडऩे वाली एजेंसी नैन फाउंडेशन, राजेन्द्र नगर, हाऊसिंग बोर्ड जींद के पास बंदरों को पकडऩे के लिए एक्सपर्ट लोगों की 6 सदस्यीय टीम है। इनके पास पिकअप गाड़ी व 6 बड़े पिंजरों के अलावा अन्य संसाधन भी है। यह टीम बंदरों को पकडक़र पहले उनका मेडिकल करवाती है और बाद में उन्हें यमुनानगर के कलेसर के जंगलों में छोड़ दिया जाता है। टेंडर में यह बात स्पष्ट लिखी गई है कि पकड़े गए बंदरों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएगा, ताकि वह प्रताड़ित न हो। समय-समय पर उन्हें खाने-पीने के लिए भी सामान दिया जाता है। -महेश कुमार, सीएसआई नगरपरिषद फतेहाबाद

फतेहाबाद। अपने निवास पर लोगों की समस्याएं सुनते सांसद सुभाष बराला।

रास सांसद बराला ने अपने निवास पर सुनीं जनसमस्याएं

फतेहाबाद। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों का समान रूप से विकास करवा रही है और नागरिकों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। शुक्रवार को राज्य सभा सांसद ने अपने निवास स्थान पर जनसमस्याओं को सुना व उनकी समीक्षा कर संबंधित विभाग के अधिकारियों से जल्द निपटान करवाने का आश्वासन दिया। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास की नीति पर चलते हुए हर गरीब व्यक्ति के लिए योजनाएं क्रियान्वित कर रही है ताकि उनका सामाजिक व आर्थिक उत्थान किया जा सके। उन्होंने कहा कि अंत्योदय की भावना से कार्य करवा रही है, जिसका आज हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार जन समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर है। जन समस्याओं का निवारण तत्परता से करने के लिए प्रत्येक कार्यदिवस में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे जहां पर परिवार पहचान-पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, बुढ़ापा पेंशन व अन्य समस्याओं का मौके पर ही निवारण किया जा रहा है। सरल पोर्टल माध्यम से जहां अधिकारियों का काम का बोझ कम हुआ है वहीं सीएससी सेंटर के माध्यम से युवाओं को रोजगार मिला है और व्यवस्था में पारदर्शिता आई है।

चीता दुनिया का सबसे तेज़ ज़मीनी जानवर है, जो 112 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से दौड़ सकता है।

दुनिया में पक्षियों की 9,500 से ज़्यादा प्रजातियां हैं। दुनिया का एकमात्र पंखहीन पक्षी कीवी है।

हिंदी भाषा पसंद है तो इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर

नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में हिन्दी सबसे महत्वपूर्ण भाषा है। यह भारत की 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है और राज्य भाषा का अधिकार रखती है। संसदीय कार्य से लेकर न्यायिक और सरकारी संस्थानों में इसे ऑफिशियल कम्युनिकेशन की तरह उपयोग किया जाता है। हिंदी विश्व स्तर पर तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है, जिसमें लगभग 425 मिलियन लोग इसे अपनी पहली भाषा के रूप में पहचानते हैं और अतिरिक्त 120 मिलियन लोग हिंदी को दूसरी भाषा के रूप में बोलते हैं। हिंदी के क्षेत्र में कई बेहतरीन करियर ऑप्शन मौजूद हैं। इस फील्ड में भी अच्छा करियर बनाया जा सकता है।

ये करियर ऑप्शन

राजभाषा ऑफिसर

ये राष्ट्रीयकृत बैंकिंग संस्थानों में राजभाषा ऑफिसर के रूप में कार्य करते हैं। उनकी नियुक्ति बैंक की सभी शाखाओं में होती है। इनकी प्राथमिक भूमिका ग्राहकों की मदद करने के अलावा रोज के कामों में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना है। वे विभिन्न आधिकारिक दस्तावेजों का हिंदी में अनुवाद भी करते हैं।

जर्नलिज्म

अगर आप ने हिंदी भाषा में जर्नलिज्म का कोर्स किया है तो आप पत्रकारिता के क्षेत्र में एंकर, न्यूज एडिटर, न्यूज राइटर और रिपोर्टर आदि जैसे कई जॉब प्रोफाइल पर रहकर अच्छी सैलरी हासिल कर सकते हैं। यहां पर आपको न्यूजपेपर, रेडियो चैनलों, समाचार चैनलों, पत्रिकाओं और डिजिटल समाचार मीडिया जैसे कई करियर ऑप्शन मिल जाएंगे।

कंटेंट राइटर/एडिटर

आज के समय में कंटेंट राइटर या एडिटर की जॉब को बेहतर विकल्प माना जाता है। इनका काम ब्लॉग लिखना, मार्केटिंग कॉपी, सोशल मीडिया कॉपी आदि लिखना व उसको एडिट करना होता है। हिंदी या मास कम्युनिकेशन में डिग्री होल्डर्स आसानी से हिंदी कंटेंट राइटर/एडिटर के रूप में अपना करियर बना सकते हैं। कंटेंट राइटर और एडिटर्स पब्लिकेशन हाउस और मीडिया हाउस व एड एजेंसी में काम कर सकते हैं।

यहां मिलेगा मौका

ट्रांसलेटर

आज जिस तरह से पूरा विश्व का एकीकरण हो रहा है उसमें हिंदी ट्रांसलेटर के लिए करियर के नए रास्ते खुल गए हैं। इस फील्ड में अब काम की कोई कमी नहीं है। हिंदी ट्रांसलेटर के तौर पर आप घर पर बैठकर भी काम कर सकते हैं। हालांकि एक बेहतरीन ट्रांसलेटर बनने के लिए आपकी हिंदी के साथ दूसरी भाषा पर भी अच्छी पकड़ होनी चाहिए। कई बड़ी कंपनियां भी अपने कंटेंट को हिंदी में मुहैया कराने के लिए ट्रांसलेटर को नियुक्त करती हैं।

इंटरप्रिटेशन

इंटरप्रेटर का काम भी ट्रांसलेटर की तरह एक लैंग्वेज का दूसरे लैंग्वेज में अनुवाद करना होता है। हालांकि इंटरप्रेटर लिखकर नहीं बल्कि बोलकर यह काम करते है। एक इंटरप्रेटर उन शब्दों को ट्रांसलेट करता है, जो दूसरा व्यक्ति अलग भाषा में कहता है। आप इंटरप्रेटर के तौर पर राजनयिक मिशनों, संयुक्त राष्ट्र और विदेशी छात्रों के साथ काम कर सकते हैं।

वॉयस ओवर आर्टिस्ट

एंटरटेनमेंट की दुनिया आज बहुत व्यापक हो गई है। हर माह कई विदेशी फिल्में व कार्टून भारत में लांच हो रही हैं। यदि आप में बोलने का स्किल और अच्छी आवाज है, तो आप वॉयस-ओवर को करियर ऑप्शन के रूप में अपना सकते हैं। वॉयस-ओवर कलाकारों की फिल्मों के अलावा रेडियो स्टेशनों, पॉडकास्ट, विज्ञापनों की डबिंग में काफी डिमांड रहती है।

हिंदी टाइपिस्ट/हिंदी स्टेनोग्राफर

हिंदी स्टेनोग्राफर और टाइपिस्ट की डिमांड कई दशकों से बनी हुई है। खास तौर पर सरकारी क्षेत्र में निकलने वाली जॉब में। हिंदी टाइपिंग और स्टेनोग्राफर का कोर्स कर आप अच्छी सैलरी के साथ सरकारी जॉब पा सकते हैं। इसके अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी आप अच्छी तनख्वाह पर नौकरी पा सकते हैं।

स्पीच राइटर

अगर आप में लिखने की क्षमता है तो आप स्पीच राइटर बन सकते हैं। स्पीच लोगों को प्रभावित करने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका है। सम्मोहक स्पीच लिखने के लिए लैंग्वेज पर कंट्रोल की जरूरत होती है। अगर आपमें ये काबिलियत है तो आप किसी राजनीतिक पार्टी के साथ जुड़कर स्पीच राइटर बन सकते हैं। वहीं सरकारी क्षेत्र, विज्ञापन एजेंसियों, कॉर्पोरेट में काम भी इनके लिए दरवाजे हमेशा खुले रहते हैं।

नॉवलिस्ट/राइटर/ पोएट

अगर आप को नए तरीके से क्रिएटिव स्टोरी लिखना आता है तो आप हिंदी भाषा में नॉलेज हासिल करने के बाद पोएट/नॉवलिस्ट/राइटर बन सकते हैं। आज के समय में ऑडियोबुक, किंडल सपोर्टिड ई-बुक्स के राइज ने इस फील्ड में लोगों के करियर को एक नया आयाम दिया है।

हिंदी टीचर

हिंदी टीचर की जॉब सदाबहार ऑप्शन है। टीचर बनना सभी को पसंद होता है। अरग आपकी हिंदी में अच्छी पकड़ है तो आप किसी भी सरकारी और निजी शिक्षण संस्थान में हिंदी टीचर के तौर पर जॉब कर सकते हैं।

राइटिंग

हिन्दी में अच्छी पकड़ रखने वाले लोगों का फिल्म जगत और टेलीविजन के क्षेत्र में खासी डिमांड होती है। आज के समय में ओटीटी प्लेटफार्म के आने से इस क्षेत्र के करियर स्कोप बढ़ गया है। अगर आप हिन्दी में अच्छे हैं तो आप प्रॉडक्शन हाउस, मीडिया हाउस में स्क्रप्टि राइटिंग, डायलॉग्स या लिरिक्स भी लिख सकते हैं। लेकिन अगर आप स्क्रीन राइटर बनना चाहते हैं तो आपको बीए हिन्दी करने के बाद स्क्रीन राइटिंग कोर्स में पोस्ट ग्रेजुएशन करनी होगी ताकि आपके भीतर लेखन की अच्छी समझ विकसित हो सके।

अध्यापक

हिंदी को पूरा करने के बाद क्लासिक और लोकप्रिय करियर विकल्पों में से एक अध्यापक बनकर आने वाली पीढ़ियों को भाषा का ज्ञान और क्षमता प्रदान करना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की लोकप्रियता बढ़ने के साथ-साथ भारत से बाहर के छात्रों को हिंदी सिखाने के अवसर भी हैं।

बहुत कम निवेश में अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं युवा

लीक से हटकर इस क्षेत्र में करियर बनाने का बेहतर मौका

पारम्परिक खेती से अलग, अर्बन फार्मिंग में करियर को दें उड़ान

जॉब ट्रेंड्स

डॉ. मोहित बंसल, करियर कोच

घटती कृषि भूमि और पारम्परिक खेती में नुकसान के कारण किसानों को जहां आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं, फसलों का उत्पादन भी कम हो रहा है। किसान लगातार कृषि व्यवसाय से विमुख होता जा रहा है। ऐसे में युवाओं के लिए अर्बन फार्मिंग (शहरी कृषि) एक नए और कम प्रतिस्पर्धा वाले करियर विकल्प के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। सामान्य करियर से अलग आज एक अर्बन फार्मर बहुत कम समय और बहुत कम निवेश में अच्छी आय के साथ अपने करियर को चमका सकता है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे की अर्बन फार्मिंग क्या है, इसे कैसे किया जा सकता है और यह युवाओं के करियर को कैसे उड़ान दे सकती है यानी इसके जरिये कम खर्च में कितना मुनाफा कमाया जा सकता है।

क्या है अर्बन फार्मिंग

एक अर्बन फार्मर वह व्यक्ति होता है जो शहरी या उपनगरीय वातावरण में फसलों, सब्जियों, जड़ी-बूटियों की खेती करता है और पशुओं को पालता है। पारंपरिक खेती के विपरीत, जो अक्सर विशाल खेतों वाले ग्रामीण क्षेत्रों में होती है,

अर्बन फार्मिंग छोटे, अधिक सीमित स्थानों जैसे छतों, बालकनियों, खाली स्थानों या सामुदायिक उद्यानों में हो सकती है। अर्बन फार्मर सीमित स्थान और संसाधनों में अपनी उपज को अधिकतम करने के लिए ऊर्ध्वाधर खेती, हाइड्रोपोनिक्स या एक्वापोनिक्स जैसी नवीन तकनीक अपनाकर खेती करता है। अर्बन फार्मर स्थानीय खाद्य उत्पादन को बढ़ावा देने, शहरों में खाद्य सुरक्षा बढ़ाने, सामुदायिक जुड़ाव और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं।

शहरी क्षेत्र में फसलों, सब्जियों, जड़ी-बूटियों की खेती है अर्बन फार्मिंग

वेतन और आय

अर्बन फार्मर की आय या वेतन विभिन्न कारणों पर निर्भर कर सकती है, जैसे कि उनके कृषि प्रयासों का मात्रा, शहरी क्षेत्र की स्थिति, और उपयुक्तता। अर्बन फार्मिंग एक व्यापारिक विचार के रूप में देखी जा सकती है, जिसमें फसलों के उत्पादन और विपणन से आय प्राप्त की जाती है। इसके अलावा, अर्बन फार्मिंग परियोजनाओं के लिए सरकारी समर्थन भी हो सकता है, जिससे आय के स्रोत में सुधार हो सकता है।

अर्बन फार्मिंग के फायदे

भूमि का अकाल : शहरों में भूमि की कमी होती है, इसलिए अर्बन फार्मिंग छतों, बालकनियों, और अन्य छोटे खुले स्थानों में की जा सकती है, जिससे खेती के लिए अधिक स्थान मिलता है।

स्वास्थ्यप्रद खाद्य पदार्थ: शहरी क्षेत्रों में उत्पादित फल, सब्जियां और अन्य खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए अधिक अच्छे माने जाते हैं, क्योंकि वे अक्सर स्थानिक और निर्मल वातावरण में पैदा होते हैं।

पर्यावरण सुरक्षा : अर्बन फार्मिंग सुस्त और पर्यावरणीय रूप से बेहतर समझी जाती है। इससे शहरों में पर्यावरण को भी लाभ होता है।

तकनीकी : इसमें वर्टिकल, हाइड्रोपोनिक्स, और एक्वापोनिक्स तकनीक को प्रयोग होता है।

सिमित संसाधन : यह खेती सीमित स्थान और संसाधनों के साथ संभव होने के कारण, इसमें संसाधनों का समुचित प्रबंधन और उपयोग को बढ़ावा दिया जाता है।

कौशल और अनुभव

अर्बन फार्मिंग के क्षेत्र में काम करने के लिए कौशल और अनुभव होना जरूरी है। जो विभिन्न तकनीकों को अनुसरण करने और समस्याओं का समाधान करने में मदद करता है। इसके लिए अपने शहरी क्षेत्र में स्थानिक समुदाय बागवानी या कृषि परियोजनाओं में शामिल हों। इससे आप अर्बन फार्मिंग के अलग-अलग पहलुओं को सीख सकते हैं और अनुभव प्राप्त कर सकते हैं।

शुरुआती खेती : किसी भी छोटे स्थान जैसे छत, बालकनी या समुदाय बागवानी पर खेती की योजना बनाएं। यह योजना कौन सी फसलें उगाने के लिए उपयुक्त होगी, संसाधनों की आवश्यकता क्या होगी आदि के बारे में जानकारी लें। खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न तकनीकों का प्रयोग करें। इसमें जलवायु नियंत्रण, खाद्य सुरक्षा की देखभाल और उपयुक्त प्रबंधन शामिल हो सकते हैं। अर्बन फार्मिंग प्रोजेक्ट के लिए सामुदायिक सहयोग और व्यापारिक योजना बनाएं। इसके माध्यम से, आप एक अर्बन फार्मर बनने के लिए आवश्यक योग्यता, ज्ञान और अनुभव प्राप्त कर सकते हैं।

शिक्षा और प्रशिक्षण

इसे प्रोफेशनली अपनाने के लिए आपको 12वीं कक्षा विज्ञान विषय के साथ पास करनी होगी। इसके बाद स्नातक कृषि के कोर्सेज जैसे बीएससी एग्रीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, फॉरेस्ट्री, या एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग से करनी होगी। पढ़ाई के साथ-साथ वर्टिकल फार्मिंग, हाइड्रोपोनिक्स, एक्वापोनिक्स जैसी विभिन्न तकनीकों को अच्छे समझें और हुनरमंद बनें। इस व्यवसाय में आपको सीमित संसाधनों (पानी, ऊर्जा, और कीमती स्थान) के उपयोग की क्षमता और स्थानिक भूमि, जल और मौसम की जानकारी लेनी होगी।

यहां से मिलेगा प्रशिक्षण : अर्बन फार्मिंग की शिक्षा के लिए कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (एमएएनएजीई), केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान (सीआईएई), केंद्रीय बागवानी संस्थान (सीआईएच), केंद्रीय पश्चात्र अनुसंधान और प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईपीएचईटी), और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआआई) जैसे कुछ विख्यात सरकारी संस्थान हैं जो अर्बन फार्मिंग और कृषि से संबंधित पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। विभिन्न सरकारी संस्थानों की शुल्क संरचना अलग-अलग है। यह विभागों और पाठ्यक्रमों के आधार पर भी भिन्न हो सकती है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित संस्थानों की आधिकारिक वेबसाइट को विजिट करें या सीधे संपर्क करें। आम तौर पर ऐसे कोर्सेज तीन से चार साल में होते हैं। कई ऑनलाइन प्लेटफार्म्स भी है जो अर्बन फार्मिंग से संबंधित पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। ये कोर्स ऑनलाइन वीडियो, पीपीटी, और अन्य साधनों का उपयोग करके आपको अर्बन फार्मिंग की विभिन्न तकनीकों की शिक्षा देते हैं।

निजी उद्योग में करियर

- निजी उद्योग में अर्बन फार्मिंग में करियर के अनेक और विविध अवसर हैं जो आपको निजी उद्योग में मिल सकते हैं। यहां कुछ मुख्य करियर विकल्प हैं जो अर्बन फार्मिंग के क्षेत्र में आपका करियर बना सकते हैं।
- **उत्पादों का वितरण और विपणन**: आप अर्बन फार्मिंग के उत्पादों के वितरण और विपणन में करियर बना सकते हैं, जिसमें उत्पादों को बाजार में ला कर उनका विपणन करना शामिल होता है।
- **प्रौद्योगिकी विकास** : अर्बन फार्मिंग प्रौद्योगिकी के विकास और अनुसंधान में करियर के अवसर हो सकते हैं, जिसमें नई तकनीकों का अनुसंधान और उनका विकास शामिल होता है।
- **उत्पादकता बढ़ाना** : शहरी क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाने और उत्पादन संभालने में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं, जैसे कि वर्टिकल फार्मिंग, हाइड्रोपोनिक्स, और एक्वापोनिक्स की मदद से।
- **अर्बन फार्मिंग कंसल्टेंसी** : अर्बन फार्मिंग कंसल्टेंसी सेवाएं प्रदान करके उत्पादकों और समुदायों को अर्बन फार्मिंग पर सलाह देने में करियर बना सकते हैं।
- **अर्बन फार्मिंग स्टार्टअप** : अर्बन फार्मिंग से संबंधित अपनी खुद की स्टार्टअप कंपनी शुरू कर सकते हैं, जिसमें नए उत्पादकता मॉडल्स, तकनीकी उपकरणों और उत्पादों का विकास और विपणन शामिल है।
- **अर्बन फार्मर** को नौकरी प्रदान करने वाली निजी कंपनियों में कुछ क्षेत्रिय और विशेषाधिकारी कंपनियां भी शामिल हैं।

सरकारी क्षेत्र में करियर

- **कृषि विभाग** : राज्य और केंद्र सरकार के कृषि विभाग में अर्बन फार्मिंग से संबंधित पदों पर नौकरियां निकलती हैं। इसमें अर्बन फार्मिंग परियोजनाओं के लिए तकनीकी सलाहकार, विशेषज्ञ, उत्पादन प्रबंधक के पद शामिल हैं।
- **वन विभाग**: शहरी क्षेत्रों में वन विभाग में शहरी वनीकरण और वृक्षारोपण से संबंधित पदों पर नौकरियां मिलती हैं।
- **स्थानीय निकाय** : नगर निगम और नगर पालिकाओं में अर्बन फार्मिंग परियोजनाओं के लिए पदों पर नौकरियां मिल सकती हैं। जैसे अर्बन फार्मिंग कंसल्टेंट, परियोजना प्रबंधक, आदि।
- **संगठन और संस्थान** : विभिन्न सरकारी और असर्कारी संगठन और संस्थान जैसे कि कृषि उत्पाद प्रसंस्करण संस्थान, शहरी विकास निगम में भी नौकरियां हो सकती हैं।
- इन सरकारी संगठनों में अर्बन फार्मिंग से संबंधित विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग पात्रता मानदंड और चयन प्रक्रिया होती है। आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी लें।

योजनाओं में देरी से भी मिल सकती है दक्षता और समय प्रबंधन की शिक्षाएं

मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में देरी का होना एक सामान्य और अवश्यंभावी घटना है। हम सभी ने कभी न कभी अपनी योजनाओं में देरी का सामना किया है, चाहे वह परीक्षा की तैयारी हो, किसी प्रोजेक्ट की समय सीमा हो, या फिर रोजमर्रा के छोटे-मोटे काम हों। देरी को अक्सर नकारात्मक दृष्टि से देखा जाता है, लेकिन अगर हम इसके पीछे छिपे सबक और लाभ को समझें, तो यह हमें दक्षता और समय प्रबंधन की महत्वपूर्ण शिक्षाए दे सकती है। हम सभी ने कभी न कभी टोस्ट बनाने का अनुभव किया होगा। टोस्ट को सही समय पर तवे से उतारना आवश्यक होता है, वरना वह जल जाता है और खाने योग्य नहीं रहता। इसी तरह, हमारे जीवन में भी समय का सही प्रबंधन आवश्यक होता है।

समय का बेहतर उपयोग करें

जलती हुई टोस्ट की थ्योरी यह बताती है कि समय का सही उपयोग न करने पर हमारे कार्य और योजनाएँ असफल हो सकती हैं। लेकिन इसके विपरीत, जब हम देरी का सामना करते हैं और उससे सीखते हैं, तो हम अपनी गलतियों से सबक लेकर अपने भविष्य के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर सकते हैं।

देरी का सामना और उससे मिलने वाले सबक: जब भी हम किसी देरी का सामना करते हैं, तो यह हमारे लिए एक मौका होता है कि हम अपने समय प्रबंधन के तरीकों को सुधार सकें। उदाहरण के लिए, यदि किसी विद्यार्थी को परीक्षा की तैयारी में देरी होती है, तो यह उसे सिखा सकता है कि अगले बार वह अपनी पढ़ाई की योजना पहले से ही बना ले और समय का बेहतर उपयोग करे। देरी हमें सिखाती है कि कैसे प्राथमिकताएँ निर्धारित करें और अनावश्यक गतिविधियों को हटाकर मुख्य कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। विद्यार्थी देरी को एक नए प्रयास के रूप में देख सकते हैं, जिससे वे अधिक परिपूर्णता की ओर बढ़ सकते हैं। जब किसी कारणवश परीक्षा की तैयारी में देरी होती है या किसी प्रोजेक्ट की समय सीमा चूक जाती है, तो इसे असफलता के रूप में देखने की बजाय एक अवसर के रूप में लेना चाहिए। यह देरी उन्हें अपने कमजोरियों को पहचानने और अपने कौशल को और अधिक निखारने का मौका देती है। हर बार जब हम अपने कार्यों में सुधार करने का प्रयास करते हैं, तो हम न केवल अपनी गलतियों से सीखते हैं, बल्कि अपने प्रदर्शन में भी उत्तमता प्राप्त करते हैं। इस प्रकार, देरी को एक रि-अटेम्प्ट के रूप में देखते हुए, विद्यार्थी अधिक बेहतर योजना बना सकते हैं, अपनी तैयारी को और मजबूती से कर सकते हैं, और अंततः सफलता की ओर बढ़ सकते हैं।

विद्यार्थियों के लिए देरी को एक नए प्रयास के रूप में लेने के कुछ महत्वपूर्ण बिंदु निम्नलिखितः

समय प्रबंधन: देरी हमें समय की महत्ता सिखाती है। जब हम देरी का सामना करते हैं, तो हमें अपने समय का पुनर्मूल्यांकन करना पड़ता है और यह जानना पड़ता है कि कहाँ-कहाँ हमने समय का अपव्यय किया।

सही प्राथमिकताएं: देरी के कारण हमें अपने कार्यों की प्राथमिकताओं को फिर से निर्धारित करना पड़ता है। यह हमें सिखाता है कि कौन-से कार्य अधिक महत्वपूर्ण हैं और किन्हें पहले पूरा करना चाहिए।

सही समय का इंतजार करें

धैर्य और संयम: देरी हमें धैर्य रखना सिखाती है। जब हम किसी काम में देरी का सामना करते हैं, तो यह हमें शांत रहने और सही समय का इंतजार करने का सबक देती है।

समस्या समाधान कौशल: जब हम देरी का सामना करते हैं, तो हमें विभिन्न समस्याओं का समाधान खोजना पड़ता है। यह हमारे समस्या समाधान कौशल को बढ़ाता है और हमें अधिक सृजनात्मक बनाता है।

आत्मविश्लेषण: देरी हमें अपने आप का विश्लेषण करने का मौका देती है। यह हमें हमारे कमजोरियों और ताकतों का पता लगाने में मदद करती है, जिससे हम अपने आप को बेहतर बना सकते हैं। जीवन में देरी का होना एक अवश्यंभावी घटना है, जिसे हमें नकारात्मक दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। इसके बजाय, हमें इसे एक अवसर के रूप में लेना चाहिए, जो हमें दक्षता और समय प्रबंधन की महत्वपूर्ण शिक्षाएँ देती है। जलती हुई टोस्ट की थ्योरी के माध्यम से हम समझ सकते हैं कि समय का सही उपयोग कितना महत्वपूर्ण है और देरी हमें किस प्रकार से सुधारने का अवसर प्रदान करती है। इसलिए, हर देरी को एक सबक मानें और उससे सीखें, ताकि आप अपने जीवन को और अधिक कुशल और प्रभावी बना सकें।

देरी: विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा : जीवन में देरी केवल एक बाधा नहीं है, बल्कि यह हमारे विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जब हम किसी कार्य में देरी का सामना करते हैं, तो हमें उसे एक अनुभव के रूप में स्वीकार करना चाहिए। यह अनुभव हमें सिखाता है कि कैसे हम अपनी योजनाओं को बेहतर बना सकते हैं और समय का अधिक कुशलता से उपयोग कर सकते हैं। हर देरी एक नया सबक लाती है। यह हमें हमारे कमजोरियों को पहचानने का मौका देती है और हमें सिखाती है कि हमें किस प्रकार से अगले बार बेहतर तैयारी करनी चाहिए। इस प्रकार, देरी को एक अवसर के रूप में देखना न केवल हमें निराश नहीं होने देता, बल्कि हमें आगे बढ़ने और अपने भविष्य को और बेहतर बनाने में मदद करता है।

सामान्य ज्ञान

1. निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

2. अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

3. निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - यू. एस. ए.
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

4. निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

5. निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

6. किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

7. टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

8. पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

खबर संक्षेप

शादी समारोह में गए व्यक्ति की बाइक चोरी

सिरसा। गांव खारियां में सिरसा रोड पर स्थित होटल में शादी समारोह में शिरकत करने आए व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायम में गांव दारियावाला निवासी रामकुमार ने बताया कि बीती 17 जुलाई की शाम को वह खारियां गांव में सिरसा रोड पर स्थित सनशाइन होटल पर शादी समारोह में आया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह कार्यक्रम में चला गया। कुछ देर बाद आया तो मोटरसाइकिल गायब मिली।

डीसी ने शिविर में 50 से अधिक समस्याएं सुनीं

सिरसा। उपायुक्त आरके सिंह ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ लघु सचिवालय अपने कार्यालय में समाधान शिविर लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनी। समाधान शिविर में 50 लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। उपायुक्त ने समस्याओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए।

निःशुल्क नाड़ी जांच शिविर 21 जुलाई को

सिरसा। अनाजमंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम सिरसा श्री श्याम सेवा ट्रस्ट द्वारा ओम केयर इलेक्ट्रोहोम्योपैथी क्लीनक की ओर से 21 जुलाई को निशुल्क नाड़ी जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि इस शिविर में डॉ. अनु कंचन साहनी मरीजों की नब्ज देखकर उपचार करेंगी। उन्होंने बताया कि शिविर में शूगर, थायरॉयड, दमा, माइग्रेन, ब्लड प्रेशर आदि का उपचार किया जाएगा।

एनडीपीएस के तीन मामलों में ईनामी मोस्ट वांटेड दबोचा

सिरसा। ऐलनाबाद थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए एनडीपीएस के तीन मामलों में वांछित तथा 10 हजार के ईनामी मोस्ट वांटेड को दबोचा है। ऐलनाबाद थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मनजीत पुत्र मोहन लाल निवासी खारीसुरेरां हाल खरतवास तहसील तारानगर जिला चुरू राजस्थान के रूप में हुई है।

सीडीएलयू में हुई कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के वाणिज्य विभाग द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में रियल एस्टेट की एक निजी कंपनी द्वारा 25 विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर शैलेंदर सिंह ने बताया कि शुरुआत के सिलेक्शन प्रोसेस के बाद विद्यार्थियों को फाइनल राउंड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। कुल 11 विद्यार्थियों का चयन इस ड्राइव में हुआ है।

दो युवक छह किलो चूरापोस्त सहित काबू

सिरसा। सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त के दौरान खैटाला क्षेत्र से दो युवकों को 6 किलोग्राम चूरापोस्त के साथ काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि थाना एक पुलिस टीम एसआई राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में गश्त व चैकिंग के दौरान संगरिया रोड पर चौटाला नाका पर मौजूद थी। इस दौरान संगरिया की ओर से दो युवक आते दिखाई दिए।

संदीप नेहरा की पदयात्रा का द्वितीय चरण 21 से

सिरसा। साथ चलो रानियां पदयात्रा के प्रथम चरण की सफलता के बाद हरियाणा के सिंचाई-शिक्षा मंत्री स्व. जगदीश नेहरा के पुत्र एडवोकेट संदीप नेहरा अब 21 जुलाई से इस पदयात्रा के द्वितीय चरण की शुरूआत गांव साहुवाला प्रथम से करेंगे। पहले चरण की सफलता, सहयोग और समर्थन के लिए संदीप नेहरा ने जनता का आभार जताया है। गौरतलब हो कि वरिष्ठ नेहरा ने साथ चलो रानियां पदयात्रा के प्रथम चरण की शुरूआत पांच जुलाई को गांव पंजुआना से की थी।

राजनीतिक दलों से समाज को प्रतिनिधित्व देने की मांग

अग्रवाल समाज ने केजरीवाल को प्रताड़ित करने पर जताया रोष

विधानसभा चुनावों को लेकर अग्र बंधुओं की बैठक अनाजमंडी स्थित श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा विधानसभा चुनावों को लेकर अग्र बंधूओं की बैठक अनाज मण्डी स्थित श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला में हुई। बैठक में अग्रवाल समाज के नेता एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को भाजपा सरकार द्वारा प्रताड़ित किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की गई। बैठक में अग्रवाल वैश्य समाज की महिला प्रदेश अध्यक्ष सुशीला सर्राफ, प्रमुख समाजसेवी हीरालाल गुप्ता, लक्ष्य गर्ग, नरेश बंसल, रमेश जैन, सोहन लाल गोयल, सोनू बंसल, मुकेश गोयल, अखिल भारतीय अग्रवाल अग्रवाल सम्मेलन के सचिव मुकेश बंसल, दिनेश जैन, राकेश बंसल, पुनीत बंसल, सुशील बंसल, दीपक गर्ग, सुभाष, विनोद बंसल, जय सिंगल, ललित गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

फतेहाबाद। अनाज मण्डी धर्मशाला में हुई बैठक में भाग लेते अग्रवाल समाज के लोग।

कोई भी एजेंसी केजरीवाल के खिलाफ सबूत नहीं पेश कर पाई

बैठक में मौजूद अग्रवाल समाज के लोगों ने विधानसभा चुनावों में एकजुट होने और राजनीतिक दलों से समाज को प्रतिनिधित्व देने की मांग की गई। अग्रवाल समाज के नेताओं ने कहा कि अग्रवाल समाज से सम्बंध रखने वाले अरविंद केजरीवाल ने देश की राजनीति में बदलाव लाने का काम किया है। दिल्ली के बाद पंजाब की जनता ने भी केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी को सत्ता में लाने का काम किया है। अब हरियाणा की बारी है। अग्रवाल समाज के लोगों ने रोष जताते हुए कहा कि भाजपा सरकार सरकारी एजेंसियों का गलत इस्तेमाल करके सीएम अरविंद केजरीवाल को प्रताड़ित करने का काम कर रही है। कोई भी एजेंसी केजरीवाल के खिलाफ कोई सबूत नहीं पेश कर पाई है। भाजपा सरकार एक षडयंत्र के तहत केजरीवाल को जेल में रखने की कोशिश कर रही है। अग्रवाल समाज के लोगों ने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि वह अपनी अपने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों के खिलाफ रंजिशन की जा रही ऐसी घटिया कार्रवाईयों को तुरंत बंद करे अन्यथा हरियाणा की जनता खासकर अग्रवाल समाज विधानसभा चुनाव में उसे सबक सिखाने का काम करेगा।

किसानों को रोकने वाले अधिकारियों को सम्मानित करने के फैसले का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सरकार द्वारा किसान आंदोलन के दौरान किसानों को दिल्ली जाने से रोकने में अहमभूमिका निभाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रपति अवार्ड देने का निर्णय निंदनीय है। संयुक्त किसान मोर्चा इस निर्णय की घोर निंदा करता है और भविष्य में इस फैसले का पुरजोर विरोध करेगा। अगर सम्मानित करना ही है तो देश के उन जवानों के परिजनों को करो, जो रोजाना बॉर्डर पर शहीद हो रहे हैं। उक्त बातें भारतीय किसान एकता के अध्यक्ष लखविंद्र सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे किसानों पर सरकार ने सीधी गोलियां चलाकर, जहरीली गैस छुड़वाकर अत्याचार किए। एक युवा किसान शुभकरण इस दौरान शहीद भी हो गया।

सिरसा। पत्रकारों से बात करते हुए बीकेई के प्रधान लखविंद्र सिंह।

सावन माह में शनिधाम में बहेगी शिव व शनि भक्ति की अविरल भक्ति धारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

भगवान शिव की पूजा को समर्पित सावन माह के उपलक्ष्य में नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री शनिदेव मंदिर में भगवान शिव व शनिदेव की भक्ति का अद्भूत संगम देखने को मिलेगा। श्री शनिदेव मंदिर चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी आनंद भार्गव व मंदिर पुजारी योगेश भार्गव ने बताया कि सावन माह में 22 जुलाई से 19 अगस्त तक महिला मंडली द्वारा रोजाना शाम को शिवपुराण का पाठ किया जाएगा तत्पश्चात भजन संकीर्तन होगा। इसके साथ ही सावन मास की हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री शनि धाम में शनि जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया जाएगा। सावन मास की शिवरात्रि 2 अगस्त से आरंभ होकर 4 अगस्त अमावस्या तक चलेगा। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भगवान शनिदेव का अखंड तेल स्नान, भंडारा, हवन व जागरण का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शनि जन्मोत्सव समारोह 2 अगस्त को आरंभ होगा। तीन अगस्त को मंदिर प्रांगण में हवन, भंडारा व रात्रि जागरण होगा। 4 अगस्त को अमावस्या के अवसर पर भगवान शनिदेव की विशेष पूजा की जाएगी व भोग लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह की तैयारियां आरंभ की गई है तथा इस बार यह समारोह विशेष होगा।

विकास कार्य निर्धारित समय में पूरा करें अधिकारी : उपायुक्त

सिरसा। उपायुक्त आरके सिंह ने कहा कि जिलाभर में जिन विकास परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, उन्हें निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए, जिससे आमजन को योजनाओं का त्वरित लाभ मिल सके। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार विकास को प्रतिबद्ध है और पूरी गंभीरता के साथ विकास करवा रही है। जिले में प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद व पात्र व्यक्ति तक पहुंचे यह भी सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला के प्रशासनिक व विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रदेश सरकार की योजनाओं व नीतियों को जिले में त्वरित व प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

रूपावास स्कूल ने लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में फिर लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रूपावास के विद्यार्थियों ने सत्र 2024-25 के लिए खंड स्तर पर आयोजित लीगल लीट्रेसी प्रतियोगिता मे 10 विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में से 8 प्रतिस्पर्धाओं में स्थान हासिल करके खंड में प्रथम स्थान हासिल किया है। विद्यालय के प्रवक्ता डॉ. कृष्ण ढाका ने बताया कि खंड नाथूसरी चोपटा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में लीगल लीट्रेसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें पीएमश्री रावमावि रूपावास ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में से दो में प्रथम व छह प्रतिस्पर्धाओं में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। सुमन ने स्लोगन में व प्रेरणा ने स्पीच में प्रथम स्थान हासिल किया।

अंतिम व मीनाक्षी ने वाद-विवाद में, परीक्षा ने पॉवर प्वाइंट में, अदिति ने डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकिंग में, उन्नति ने कविता में, रीटा ने पेंटिंग और आस्था ने निबंध लेखन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रभारी कृष्ण सैनी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।

सिरसा। प्रतियोगिता के विजेता बच्चे स्कूल स्टाफ के साथ।

जनता भवन में निःशुल्क रक्तदान शिविर 25 को

सिरसा। शिवशक्ति ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए आढ़ती एसोसिएशन सिरसा तथा जनता वेलफेयर ट्रस्ट सिरसा के संयुक्त तत्वावधान में 25 जुलाई को जनता भवन में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। आढ़ती एसोसिएशन के सहसचिव महावीर शर्मा ने बताया कि शिविर प्रातः 10 बजे आरंभ होगा जो दोपहर 2 बजे तक चलेगा। शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान मनोहर मेहता तथा जनता वेलफेयर ट्रस्ट के प्रधान बृजलाल जिंदल करेंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में शिवशक्ति ब्लड बैंक की टीम डॉ. आरएम अरोड़ा के नेतृत्व में रक्त एकत्रित करेगी। उन्होंने बताया कि शिवशक्ति ब्लड बैंक जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाता है।

नवीन जयहिंद ने राज्यसभा सीट पर ठोका दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जयहिंद सेना के प्रमुख नवीन जयहिन्द ने प्रदेश में राज्यसभा की खाली हुई सीट पर दावा ठोकते हुए विपक्ष से सहयोग मांगा है। उन्होंने कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भूपेद्र हुड्डा अपने पार्टी के 28 विधायकों की चिंता न करें, बल्कि हमें समर्थन दें। दुष्यंत चौटाला भी जजपा के सभी विधायकों की बजाय खुद व अपनी माता का वोट दे दें, बाकी वे अपने आप समर्थन ले लेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि विपक्ष को यह चिंता नहीं करनी चाहिए कि उनका उम्मीदवार हार जाएगा। अगर हारेगा तो नवीन जयंहित हारेगा और इसमें किसी भी पार्टी का नाम नहीं आएगा और जीत हुई तो विपक्ष की होगी। नवीन जयहिंद शुक्रवार को सिरसा में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। जयहिंद ने बताया कि हम हर बार की तरह इस बार भी नशे के खिलाफ व भाईचारा बना रहे इसके लिए हरिद्वार से कांवड़ लेकर आएंगे। वही सरकार से भी अपील की कि सरकारें डीजे पर रोक न लगाए। ये भोले के भक्तों का उत्सव है और हजारों लोग जो किराए पर डीजे देते हैं उनका रोजगार है। ऐसे में सरकार उन्हें बेरोजगार करने का भी काम कर रही है। अगर उनका डीजे का चालान हुआ तो वे उनका चलान भरेंगे। साथ ही युवाओं से भी अपील की कि कावड़ लाते समय भाईचारे को बनाए रखे और कभी नशा न करने की क़सम लेकर ही कावड़ उठाए।

सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते नवीन जयहिंद।

सैनी सभा ट्रस्ट ने आरक्षण के लिए सीएम का जताया आभार

- नौकरियों में ग्रुप-ए और ग्रुप-बी के पदों में पिछड़े वर्गों का आरक्षण 15 प्रतिशत : नरेंद्र सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा ओबीसी को नौकरियों में दिए गए आरक्षण के फैसले का सैनी सभा ट्रस्ट सिरसा ने स्वागत किया है। ट्रस्ट के पदाधिकारी प्रधान नरेंद्र कुमार सैनी, उपप्रधान विशाल सैनी, कोषाध्यक्ष विजयपाल दहिया, संरक्षक विजयपाल सैनी, सचिव अमीचंद सैनी, पूर्व प्रधान बृजलाल सैनी, तुलसीराम सैनी, साधुराम सैनी, संयोजक जसवंत सैनी, कार्यवाहक प्रधान चुन्नीलाल सैनी, कार्यवाहक उपप्रधान महेंद्र सैनी, बनवारी सैनी, रोहताश सैनी, रमेश सैनी, महेंद्र सैनी ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। प्रधान नरेंद्र सैनी ने कहा कि सीएम की घोषणा के अनुसार हरियाणा में पहले नौकरियों में पिछड़े वर्गों के आरक्षण के अंदर क्रीमीलेयर की वार्षिक आय 6 लाख रुपए थी, अब प्रदेश सरकार की नौकरियों में क्रीमीलेयर बढ़ाकर 8 लाख रुपए वार्षिक की जाएगी। भारत सरकार की तर्ज पर इसमें वेतन और कृषि से आय को शामिल नहीं किया जाएगा, जिससे लाखों लोगों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि ग्रुप-ए और ग्रुप-बी के पदों में पिछड़े वर्गों का आरक्षण 15 प्रतिशत है, इसे केंद्र सरकार की तर्ज पर 15 प्रतिशत से बढ़ाकर सभी पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत किया जाएगा।

केवी सिंह ने किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

26 जुलाई को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा सिरसा आएंगे और हिसार रोड स्थित पर्ल रिसोर्ट में धन्यवाद सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे सिरसा वासियों का धन्यवाद भी करेंगे। इसको लेकर कांग्रेस नेताओं ने शुक्रवार को गांव बेगू, नेजियाखेड़ा, अलीमोहम्मद, चाड़ीवाल, ताजियाखेड़ा, साहुवाला द्वितीय, कैरावाली, नारायण खेड़ा व नहराणा में कांग्रेस नेताओं ने जनसंपर्क अभियान चलाते हुए लोगों से सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान किया।

कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा, पूर्व चेयरमैन अमीर चावला, युवा कांग्रेस महासचिव मोहित शर्मा, रामसिंह बैनीवाल, गजानंद सोनी, युवा सचिव कपिल सरावगी, मास्टर दलीप सिंह, रामू लढा, अमित कुमार व हर्ष मित्तल ने जनसंपर्क अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की लहर बन रही है। लोकसभा चुनाव इस बात का प्रमाण है। लोकसभा चुनावों में लोगों ने भाजपा को वोट से चोट की है, क्योंकि भाजपा से हर वर्ग दुखी व परेशान है। शीघ्र ही प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी होने है। लोगों में जोश व उत्साह भरने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा सिरसा पहुंच रहे है। 26 जुलाई को सम्मेलन होगा। इसी के साथ लोगों का धन्यवाद भी किया जाएगा।

सिरसा। गांव में ग्रामीणों को सम्मेलन का न्यौता देते हुए कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह।

सूरज कॉलेज की पायल ने निबंध लेखन में पाया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद पंचकूला की ओर से राज्यस्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र में किया गया।

जिसमें राज्य के अधिकांश सरकारी व निजी कॉलेजों के विद्यार्थियों में से जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता द्वारा निर्धारित हर जिले से चयनित सर्वश्रेष्ठ-10 विद्यार्थियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। जिससे विद्यार्थियों को विज्ञान विषय पर प्रदान किए गए विशेष विषय पर निर्धारित शब्दों में निबंध लिखने के लिए निर्धारित समय दिया गया, जिसमें सूरज कॉलेज की छात्रा पायल पुत्री अभिमन्यु निवासी खत्रीपुर ने पूरे हरियाणा राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने कॉलेज एंव क्षेत्र का नाम रोशन किया।

कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने खुशी जाहिर कर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने छात्रा पायल एंव परिवार को शुभकामना दी।

- कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने जताई खुशी

पौधा लगाकर उसके संरक्षण का भी लें संकल्प : उपायुक्त

स्वच्छ पर्यावरण के लिए पौधरोपण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ पर्यावरण का होना बहुत जरूरी है और स्वच्छ पर्यावरण के लिए अधिक पौधारोपण जरूरी है। इसलिए हर व्यक्ति न केवल पौधारोपण करें बल्कि जो पौधा लगाए उसके संरक्षण का संकल्प भी लें। यह बात उपायुक्त आरके सिंह ने शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन विभाग द्वारा राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान कही इस अवसर पर उपायुक्त ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त डॉ विवेक भारती सहित अन्य अधिकारियों ने भी पौधारोपण कर आमजन को पौधा लगाने बारे प्रेरित किया। उपायुक्त ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत सभी को कम से कम एक पेड़ अपने आसपास जरूर लगाना चाहिए। जिससे कि हमारा पर्यावरण स्वच्छ सुंदर बन सके और जो भी पेड़ लगाए उसकी परवरिश अपने परिवार के सदस्य की तरह जरूर करें। एक पेड़ मां के नाम अभियान का मुख्य उद्देश्य हमारे वातावरण को स्वच्छ व शुद्ध रखना है तथा प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैये को लेकर लोगों को जागरूक किया जाना है। वन मंडल अधिकारी सतीश कुमार ने पौधारोपण अभियान व विभाग की ओर से इस दिशा में चलाई जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन विभाग ने जिला में 2 लाख 93 हजार 750 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा। अब तक विभाग 56520 पौधे लगा चुका है।

सिरसा। बहुतकनीकी संस्थान में पौधरोपण करते डीसी।

29 से 3 अगस्त तक सुप्रीम कोर्ट में आयोजित होगी लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- लोक अदालत में लंबित मामलों की सुनवाई की जाएगी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरपर्सन एवं जिला एवं सत्र न्यायधीश वाणी गोपाल शर्मा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में आगामी 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय में होना है। उन्होंने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) में स्पेशल (विशेष) लोक अदालत में लिए जाने वाले मामलों में श्रम मामले, चैक बाउन्स मामले (सेक्शन-138 एनआई एक्ट), दुर्घटना क्लेम मामले (मोटर दुर्घटना क्लेम), अन्य मुआवजा संबंधी मामले, पारिवारिक कानूनी मामले, सेवाओं से संबंधित मामले, किराया संबंधी मामले, शैक्षणिक मामले, भरण-पोषण संबंधित मुद्दे, बंधक मामले, उपभोक्ता संरक्षण मामले, स्थानान्तरण याचिकाएं (सिविल एवं आपराधिक), धन-वसूली से संबंधित मामले, आपराधिक मिश्रित मामले, भूमि विवाद मामले शामिल है, जो माननीय सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं।

खबर संक्षेप

फतेहाबाद। पौधारोपण करते नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिची।

ठेके पर रखे जाएंगे सफाई कर्मचारी : खिंची

फतेहाबाद। नगर परिषद द्वारा शुक्रवार को मॉडल टाउन में आओ मिलकर पेड़ लगाएं अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ग्रीन बेल्ट में पौधरोपण किया गया। उपायुक्त राहुल नरवाल, पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी, जिला नगर आयुक्त संजय बिश्नोई ने पौधरोपण करके अभियान को शुरू किया। इस दौरान नगर परिषद प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची ने भी पौधरोपण किया। अभियान के दौरान उपायुक्त राहुल नरवाल और नगर परिषद प्रधान ने सफाई को लेकर विचार विमर्श किया। प्रधान ने कहा कि सफाई को लेकर नगर परिषद गंभीर है। जल्द ही ठेके पर सफाई कर्मी रख लिए जाएंगे।

मार्गदर्शन सप्ताह 22 से 26 जुलाई तक

फतेहाबाद। रोजगार कार्यालय, फतेहाबाद की व्यवसायिक मार्गदर्शन शाखा द्वारा 22 जुलाई से 26 जुलाई तक जिले के विभिन्न शैक्षिणक संस्थानों में व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा हर वर्ष इस प्रकार के सप्ताह का आयोजन करवाया जाता है, जिसमें शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया जाता है कि भविष्य में ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर किस क्षेत्र में और किस कोर्स के बाद मिल सकते हैं।

लापता कपड़ा व्यापारी का शव नहर से बरामद

डबवाली। डबवाली से लापता हुए कपड़ा कारोबारी दीपक कुमार उर्फ दीपू का शव शुक्रवार को राजस्थान के लखोंवाली हैड से बरामद हुआ है। वार्ड नंबर आठ एकता नगरी का निवासी दीपक कुमार परुथी जोकि न्यू बस स्टैंड रोड पर कपड़े की दुकान करता था। वह कल सुबह अचानक घर से लापता हो गया। बाद में उसकी मोटरसाइकिल अबूबशहर गांव के समीप नहर के किनारे खड़ी मिली। इसके बाद आशंका जताई जा रही थी कि दीपक ने नहर में छलांग लगा ली है। परिजन व रिश्तेदार कल से नहर में उसकी तलाश कर रहे थे। आज लखोंवाली हैड से दीपक का शव बरामद हो गया।

रोजगार कार्यालय में 22 जुलाई को लगेगा मेला

सिरसा। हरियाणा सरकार दवारा युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर प्रदान करवाने के लिए समय-समय पर रोजगार मेले लगवाये जा रहे है। इसी मुहीम को आगे बढ़ाते हुए जिला रोजगार कार्यालय सिरसा में आगामी 22 जुलाई (सोमवार) को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी पंकज ने बताया कि इस मेले में एमडी बायोकोल प्राइवेट लिमिटेड, आस्था ऑर्गेनिक्स, घग्गर बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, टाटा एआईए और एचडीएफसी बैंक दवारा प्रार्थियो का मौके पर चयन किया जाएगा। आयु सीमा 20 से 40 वर्ष होनी चाहिए।

आज करनाल पहुंचकर चंडीगढ़ के लिए करेंगे मार्च

नाराज लिपिकों का सांकेतिक धरना लगातार पांचवें दिन भी जारी

कर्मचारियों ने मांगों को लेकर रोष जताया

- कर्मचारियों ने सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपनी मांगों को लेकर लिपिकीय कर्मचारियों ने आज पांचवें दिन भी आंदोलन जारी रखा। लघु सचिवालय के सामने स्थित पार्क में लिपिकीय कर्मचारियों ने सांकेतिक धरना दिया और नारेबाजी कर रोष जताया। आज विनोद कुमार एसडीएम ऑफिस, पवन कुमार एसडीएम ऑफिस, सुरेश कुमार तहसील ऑफिस, रोहतास कुमार तहसील ऑफिस व राकेश कुमार तहसील ऑफिस फतेहाबाद क्रमिक धरने पर बैठे।

क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी के जिला प्रधान संदीप पुनिया ने बताया कि लिपिकीय वर्गीय कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही सम्मानजनक वेतनमान की मांग को लेकर 17 जुलाई को चंडीगढ़ में क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल व मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर के बीच करीब डेढ घंटे तक दूसरे दौर की वार्ता में किसी प्रकार की सहमति नहीं बनी। सरकार के पास हमारे तथ्य और तर्कों का कोई तोड़ नहीं मिल रहा है और सरकार हमारे तर्कों पर सहमत होती हुई तो नजर आ रही हैं, परन्तु वेतनमान बढ़ाने के लिए कोई सकारात्मक कदम पर नहीं उठा रही है। राज्य प्रधान बलजीत जून ने कहा कि सरकार से आगामी बैठक के लिए कोई समय नहीं दिया है, न ही हमें कोई ठोस आश्वाशन सरकार से मिला है इसलिए एसोसिएशन द्वारा सरकार के विरोध में जो प्रोग्राम तय किए गए हैं, वो ज्यों के त्यों चलते रहेंगे। जिला प्रधान ने कहा कि सरकार लिपिक वर्गीय कर्मचारी का भला नहीं चाह रही है, लिपिक वर्ग को इस आंदोलन को तेज करेंगे।

सभी विभागों, बोर्डों, नगर निकायों और विश्वविद्यालयों के लिपिकीय कर्मचारी 20 जुलाई को करनाल में हजारों की संख्या में चंडीगढ़ के लिए कूच करेंगे ताकि सोई हुई सरकार को जगाया जा सके। इतना ही नहीं यदि सरकार उनकी जायज मांग को पूरा नहीं करती है तो आगामी आंदोलन में चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी के आवास घेराव किया जाएगा जिसके लिए सरकार खुद जिम्मेदार होगी।

फतेहाबाद। लघु सचिवालय में धरना देते लिपिकीय कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

रानियां को उपमंडल बनाने की मांग को लेकर धरना जारी

रानियां। तहसील परिसर में रानियां को उपमंडल का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर बार एसोसिएशन द्वारा अनिश्चितकालीन धरना वीरवार को जारी रहा। धरने को समर्थन देने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जसवंत कस्वां अपने साथियों के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। जसवंत कस्वां ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित सभी मापदंड पूरे करने के बावजूद भाजपा सरकार रानियां को जानबूझकर उपमंडल का दर्जा नहीं दे रही। बार एसोसिएशन के अधिवक्ता साथी दो साल पहले भी इसी तरह धरने पर बेठे थे उस समय रानियां विधानसभा से निर्दलीय विधायक जो भाजपा सरकार में मंत्री भी हैं उन्होंने धरना स्थल पर आकर बार एसोसिएशन रानियां को विश्वास दिलाया था और कहा था कि आप धरना समाप्त करो मैंने मुख्यमंत्री से बात कर ली है जल्द ही मैं रानियां को उपमंडल का दर्जा दिलवा दुंगा पर दुख की बात है कि आज दो साल बीतने पर भी सरकार के पास कोई डिमांड तक रानियां के विधायक ने नहीं भेजी। कांग्रेस पार्टी की तरफ से जब तक धरना चलेगा अधिवक्ता साथियों को हर प्रकार का सहयोग रहेगा। कस्वां ने भाजपा सरकार से मांग करते हुए कहा कि अभी सरकार के पास दो महीने का समय है जल्द रानियां को उपमंडल का दर्जा दे। दो महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में बड़े बहुमत के साथ कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस सरकार बनते ही रानियां को उपमंडल बना दिया जाएगा। इस मौके पर दलीप सिंह, पूर्व सरपंच रामप्रताप कालवा, व्यापार संघ रानियां के अध्यक्ष हरजीत ग्रोवर, युवा कांग्रेस हलका पूर्व अध्यक्ष संदीप बाजवा, युवा कांग्रेस हल्का अध्यक्ष छत्रपाल एडवोकेट सहित अन्य मौजूद रहे।

सिरसा। कांग्रेस नेता जसवंत कस्वां को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।

सिरसा। गांव भरोखा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते एडीजीपी।

पांच पंचायतों को मिला ड्रगमुक्त सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के 5 गांवों को एडीजीपी हिसार मंडल ने ड्रगमुक्त गांव के सम्मान से नवाजा। गांव भरोखा में आयोजित कार्यक्रम में एडीजीपी डॉ. एम रवि किरण हिसार मंडल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने गांव भरोखां, ढाणी भ रो खा , बरुवाली-प्रथम, दड़बी तथा वेदवाला गांवों को ड्रग मुक्त गांव के सम्मान से नवाजा व पंचायतों की प्रशंसा की और उपस्थित अन्य गांवों के सरपंचों से आह्वान किया कि वे भी नशा मुक्त गांवों को अपना रोल मॉडल मानकर अपने गांव को नशामुक्त करवाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। एडीजीपी हिसार मंडल ने ड्रग एवं हिंसा मुक्त गांव भरोखां के पट्ट का उद्घाटन किया तथा पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण व बाबा ब्रह्मदास ने भी पौधारोपण किया। एडीजीपी ने कहा कि आज समाज में बढ़ता ड्रग्स का प्रचलन एक बड़ी समस्या है, इसलिए समय रहते इस बुराई पर अंकुश लगाना जरूरी है।

- एडीजीपी डॉ. एम रवि किरण हिसार मंडल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों, सामाजिक संगठनों और प्रत्येक व्यक्ति को अपने-अपने स्तर पर ड्रग जैसी बुराई से समाज को बचाने के लिए काम करना होगा। डॉ. एम रवि किरण ने कहा कि अगर हर व्यक्ति खुद व अपने परिवार को ड्रग से बचाकर रख ले, तो समाज में यह समस्या ही नहीं रहेगी। पुलिस अधीक्षक सिरसा विक्रांत भूषण ने जिला सिरसा में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। डेरा बाबा भूमणशाह के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

उन्होंने पुलिस प्रशासन को ड्रग मुक्त समाज के निर्माण जैसे पावन कार्य में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा नशा से ग्रस्त युवाओं को सही राह पर लाना मानवता की सही मिसाल है।

कॉलेज में दाखिलों के लिए फिजिकल काउंसलिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राजकीय महाविद्यालय, फतेहाबाद ने बीए और बीकॉम कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए फिजिकल काउंसलिंग से दाखिले शुरू कर दिए हैं। छात्र महाविद्यालय में व्यक्तिगत रूप से दस्तावेजों के साथ आकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। कॉलेज में बैचलर ऑफ आर्ट्स में 160 सीटें और बैचलर ऑफ कॉमर्स के लिए 80 सीटें हैं।

प्रिंसिपल डॉ. विवेक सैनी ने क्षेत्र में कॉलेज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य छात्रों को फतेहाबाद में ही सर्वोत्तम संभव शिक्षा प्रदान करना है। हम अकादमिक उत्कृष्टता और व्यक्तिगत विकास के वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने उद्घाटन के बाद से, सरकारी कॉलेज फतेहाबाद जिले के युवाओं को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर स्थित यह सहशिक्षा संस्थान स्थानीय छात्रों को बिना हिसार या सिरसा जैसे शहरों की यात्रा किए उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। यह कॉलेज हरियाणा सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम शुल्क पर इन पाठ्यक्रमों को ऑफर करता है।

कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए आवेदन मांगे

फतेहाबाद। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024-2025 के दौरान आरकेवीवाई स्कीम के फसल अवशेष प्रबंधन कॉम्पोनेन्ट के तहत व्यक्तिगत श्रेणी में पराली प्रबंधन के कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान राशि पर कृषि यंत्र शर्ब मास्टर/ रोटरी स्लेशर, सुपर सीडर, स्ट्रॉ बेलर और स्ट्रॉ हे-रेक पर अनुदान लेने के लिए विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एग्रीहरियाणा डॉट जीओवी डॉट आईएन पर 4 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। वे व्यक्तिगत किसान जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में इन कृषि यंत्रों पर अनुदान ना लिया हो और जो किसान मेरी फसल मेरा ब्यौरा वर्ष 2024 पर रजिस्टर्ड हैं वे स्कीम के लिए विभाग के पोर्टल पर मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से आवेदन कर सकते हैं।

प्रदेश के छोटे व्यापारियों का कामधंधा चौपट : हांसू

- कांग्रेस नेता ने अनाज मण्डी में चलाया डोर टू डोर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों की पोल खोलने और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए रतिया विधानसभा से वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं रिटायर्ड चीफ इंजीनियर दर्शन लाल हांसू ने डोर टू डोर अभियान तेज कर दिया है। इस अभियान के तहत कांग्रेस नेता ने कार्यकर्ताओं के साथ रतिया अनाज मण्डी में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने दुकान-दुकान जाकर व्यापारियों से बातचीत की और भाजपा सरकार द्वारा व्यापारियों का कामधंधा चौपट करने को लेकर लागू की जा रही नीतियों से अवगत करवाया। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही कानून का राज कायम किया जाएगा और व्यापारी बेखौफ होकर कारोबार कर सकेंगे।

अनाज मण्डी में व्यापारियों से मिलते ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता दर्शन लाल हांसू ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने अब तक के शासनकाल में व्यापारियों को परेशान करने का काम किया है। बड़े पूंजीपतियों को रियायतें देकर छोटे कारोबारियों के कामधंधे को चौपट करने का काम किया है। आज प्रदेश में व्यापारी वर्ग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। व्यापारियों के साथ फिरौती मांगने, लूटपाट व चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है जिस कारण आज प्रदेशभर का व्यापारी वर्ग सरकार से काफी नाराज है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

रतिया। अनाज मण्डी में डोर टू डोर अभियान चलाते कांग्रेस नेता दर्शन लाल हांसू।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर उनके साथ पवन कुमार भट्ट, भोला सिंह ब्राह्मणवाला, विकास ग्रोवर, सतपाल पूनियां, राजकुमार मजोका, हकीकत सिंह सरपंच, हरदीप सिंह एमपी सोतर, कृष्ण कुमार तनेजा प्रधान, रविन्द्र सिंह चहल, बलजीत सिंह एडवोकेट, सुरेश जिंदल, हरविन्द्र गर्ग, रूप गर्ग प्रधान, कालू खन्ना चेयरमैन सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

क्रेसंट स्कूल में लहराया 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज

फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल के प्रागंण ने गणतंत्रीय भारत के स्वाभिमान का प्रतीक 100 फीट ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज स्थापित कर फतेहाबाद शहर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्या पूनम ने मोटर द्वारा चालित राष्ट्रीय ध्वज पर श्री गणेश (स्वास्तिक) स्थापित कर की। गगनचुंबी तिरंगे को लहराता हुआ देखकर उपस्थित स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों का रोम-रोम देशभक्ति भावना से खिल उठा। विद्यार्थियों ने विभिन्न कविताओं व देशभक्ति नारों के माध्यम से सारे स्कूल परिसर को गुंजायमान कर दिया। छात्रा बंशुल ने 'कुर्सी पर बापू की फोटो, लाल किले पर तिरंगे' एवं छात्र तेजस ने 'तीन रंगों का झंडा प्यारा, गर्व से लहराता है' कविताओं का सस्वर वाचन किया। देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत सभी विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय गान 'जन-गण-मन' गाया गया। राष्ट्रगान के पश्चात तिरंगें को सलामी देते हुए जय हिन्द, जय भारत एवं भारत माता की जय के नारे लगाए गए। प्रधानाचार्या पूनम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल में 100 फुट ऊँचे ध्वज की स्थापना एक महत्वपूर्ण एवं सर्वश्रेष्ठ पहल है। उन्होंने अपने प्रेरणादायक भाषण में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ देशभक्ति और अनुशासन के महत्व के बारे में बताया।

फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में लहराता 100 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज।

कार चालक एक्सीडेंट के बाद घायल को नेजाडेला के निकट फेंक कर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

एक तरफ सरकार हिट एंड रन मामलों पर नकेल कसने के लिए सख्त कानून लेकर आई, वहीं सिरसा में दुर्घटना करने के बाद कार चालक द्वारा घायल को अस्पताल पहुंचाने के नाम पर दूसरे गांव में फैंक डाला। घायल दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम में बतौर सहायक लाइनमैन के रूप में कार्यरत है। घायल की शिकायत पर सदर सिरसा पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्जकर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव नाईवाला निवासी जसकरण पुत्र निशान सिंह ने बताया कि वह बिजली निगम एसडीओ जीवननगर के पास एएलएम के रूप में कार्यरत है। उसने बताया कि 16 जुलाई को वह गांव धर्मपुरा निवासी अमरीक सिंह के साथ दोपहर लगभग डेढ़ बजे अपने मोटरसाइकिल पर सिरसा से जीवननगर की ओर जा रहे थे। जब वे भंभूर से आगे गांव नानकपुर के पास पहुंचें, तो सडक़ निर्माण का कार्य चल रहा था। इसलिए वे धीमी गति से जा रहे थे।

उसने बताया तभी रानियां की ओर से एक कार आई और उसने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी, जिस कारण वह और उसका मित्र अमरीक सिंह दोनों मोटरसाइकिल सहित सडक़ पर जा गिरे। हादसे में उसकी टांट टूट गई। आसपास के लोगों और सडक़ निर्माण करने वाले मजदूरों ने उसे दुर्घटना करने वाले की कार में ही बैठा दिया। कार चालक ने उसके साथ किसी को बैठने नहीं दिया और सिरसा की ओर आने लगा। जब उसने अपनी कार नेजाडेला की ओर मोड़ दी तो उसने बार-बार अस्पताल पहुंचाने की गुहार लगाई। कार चालक ने उसे गंदी-गंदी गालियां दी और उसे थप्पड़ मारे। उसे जान से मारने की धमकी भी दी। डर की वजह से वह चुप हो गया। कार चालक ने गांव नेजाडेला पार करने के बाद उसे टूटी टांग से खींचकर नीचे गिरा दिया और फरार हो गया। राहगिरों ने उसे छाया में बैठाया और डायल 112 पर सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और एबुलेंस को सूचित किया।

आप नेता लाट पर हमले मामले में डेढ़ दर्जन पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

आम आदमी पार्टी सिरसा के वरिष्ठ नेता धर्मपाल लाट पर जान लेवा हमले के मामले में सदर सिरसा पुलिस ने 15-16 अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। आप नेता धर्मपाल लाट पुत्र हजारी लाल निवासी भरोखां ने पुलिस में दर्ज करवाई अपनी शिकायत में बताया कि उसका बरूवाली गांव में खेत है। जहां फसली कार्य करने के बाद वह 17 जुलाई की सायं करीब पौने पांच बजे पैदल ही अपने घर को रवाना हुआ। उसने बताया कि जब वह भरोखां की ओर पक्के रास्ते पर चढ़ा। तभी सामने से तीन मोटरसाइकिल आए, जिन पर 7 लोग सवार थे। बाइक सवार लोगों ने अपने मुंह ढांप रखे थे। तभी तीन और मोटरसाइकिल आए। बाइक सवार के हाथों में लाठी, डंडे, कापा, रॉड, लोहे की चैन इत्यादि थे।

बाइक सवार युवकों ने उस पर हमला कर दिया। उसने भाग कर अपनी जान बचानी चाही लेकिन वह जमीन पर गिर गया। तब हमलावरों ने उसे बुरी तरह से पीटा और कमीज उठाकर रिवाल्वर दिखाई और जान से मारने की धमकी दी। उसके शोर मचाने पर आसपास के खेतों में धान रोपाई करने वाले किसान आने लगे तो हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

समाधान शिविर में आठ समस्याओं का समाधान

रतिया। उपमंडलाधीश जगदीश चन्द्र ने कहा कि समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनका प्राथमिकता के आधार पर तुरंत समाधान किया जा रहा है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं, कि वे शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका तय समय पर समाधान सुनिश्चित करें। शिविर में 10 समस्याएं आई, जिनमें से 8 का मौके पर समाधान किया गया। अन्य 2 मामलों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को अतिशीघ्रता से समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में नफे सिंह वार्ड नं 12 की बुढ़ापा पेंशन, हरमेल सिंह की फेमिली आईडी में इनकम दुरुस्त करवाने, सुमित्रा देवी वार्ड नं 2 की फेमिली आईडी में मोबाइल नंबर अटैच करवाने, विजय कुमार वार्ड नं 16 की परिवार पहचान पत्र में इनकम सही करवाने, जसवीर सिंह लाम्बा की फेमिली आईडी में इनकम दुरुस्त करवाने व अन्य कामों को पूरा किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005

खेलकूद अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने तीन दिवसीय खेलों का शुभारंभ किया

तीरंदाजी में जयपुर संभाग के 11 विद्यालयों के खिलाड़ी दावेदारी पेश करेंगे

जेएनवी में संकुल व संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 23 स्कूलों के 158 विद्यार्थियों ने खेलों में दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में गुरु द्रोण धनुर्वाटिका तथा आचार्य द्रोण की प्रतिमा का लोकार्पण कर अतिरिक्त उपायुक्त राहुल मोदी ने तीन दिवसीय संकुल व संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभांरभ किया। इसके पश्चात उन्होंने विद्यालय प्रागंण में ओपन लर्निंग स्पेस का उद्घाटन किया। साथ ही विद्यालय पुस्तकालय का अवलोकन कर नई जानकारियां प्राप्त की। खेल प्रतियोगिता के आरंभ के पश्चात एडीसी का विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागियों का परिचय करवाया गया और तीर चला कर तीरंदाजी प्रतियोगिता के आरंभ की घोषणा की।

प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया कि ओपन लर्निंग स्पेस में विद्यालय के अंग्रेजी विभाग के अध्यापक सुदेश कुमार द्वारा विभिन्न पाठ्य सूचनाओं को विस्तापूर्वक सरल भाषा में सीखने हेतु प्रदर्शित किया गया जो कि विद्यार्थियों के दीर्घकालीन शिक्षण में सहयोगी भूमिका प्रदान करेगी। इस प्रतियोगिता में तीरंदाजी, रस्सी कूद, हैंडबॉल तथा बास्केट बॉल खेलों के 23 विद्यालयों से 158 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं, जिसमें 13 छात्र तथा 145 छात्राएं अपने-अपने वर्ग में विभिन्न खेलों का हिस्सा होंगे। रस्सी कूद, हैंडबॉल, बास्केट बॉल खेलों में छात्रा वर्ग का ट्रायल स्तर 20 जुलाई तक विद्यालय में होगा वहीं संभाग स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में जयपुर संभाग के 11 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं विभिन्न वर्गो में अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

फतेहाबाद। पीएम श्री जेएनवी, खारा खेड़ी में आयोजित की जा रही तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

भाविप ने किया मेडिकल कैंप का आयोजन

रतिया। भारत विकास परिषद् शाखा रतिया द्वारा चलाए जा रहे संस्कृति सप्ताह के तीसरे दिन शाखा महिला प्रमुख डॉ. सबीना जैन के नेतृत्व में एम्प्लॉयज कॉलोनी में स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में रतिया से डॉ. रणजीत कौर का भी विशेष योगदान रहा। इस स्वास्थ्य शिविर में विद्यालय के 150 से अधिक विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस कैंप में विद्यालय के 80 से अधिक विद्यार्थियों के हीमोग्लोबिन की भी निःशुल्क जांच की गई। डॉ. सबीना जैन व डॉ. रणजीत कौर द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को प्रोटीन व विटामिन युक्त संतुलित आहार की जानकारी दी और उसके लाभ बताए।